आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भव्य योजना के तहत तैंतीस हजार छ सौ साठ करोड़ की औद्योगिक योजना सहित कृषि और ऊर्जा क्षेत्र की तीन बड़ी योजनाओं को मंजूदी दी।
- पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए वाणिज्यिक एल पी जी के आवंटन को केन्द्र सरकार ने तीस प्रतिशत बढ़ाने का परामर्श दिया।
- राजधानी श्री विजयपुरम में मैंग्रोव संरक्षण और समुद्री पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करने के लिए 21 मार्च से दो दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया जाएगा।
- गर्मी की छुट्टियों में समुद्री यातायात के लिए तीन प्रमुख जहाजों स्वराज द्वीप, नालंदा और कैम्बबेल बे की अस्थायी यात्रा सूची जारी की गई है।

<><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 100 प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी दी है। संक्षेप में इस योजना को भव्य नाम दिया गया है। भव्य के अंतर्गत तैंतीस हजार छ सौ साठ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नई दिल्ली में बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना तैयार करना, विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देना और देश की आर्थिक वृद्धि को गति देना है।

<><><><><><>

सरकार ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का आह्वान किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि ऐसी स्थिति में उठाया गया कदम एलपीजी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन–पीएनजी की दिशा में बढने में सहायक होगा।

<><><><><><>

भारतीय मालवाहक जहाज 'जग लडाकी' कच्चे तेल की एक बड़ी खेप लेकर आज सुबह गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात से लगभग इक्यासी हजार मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाला तेल लेकर आया है। इससे पहले दो मालवाहक जहाज 'शिवालिक' और 'नंदादेवी' मुंद्रा और वडीनार बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। बंदरगाह पर तेल को रिफाइनरियों तक पहुंचाए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

<><><><><><>

सरकार ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें निशुल्क चयन के लिए उपलब्ध कराई जाएं, ताकि यात्रियों को समान अवसर मिल सके। नागर विमानन मंत्रालय ने विभिन्न विमानन कंपनियों को यात्रियों की सुविधा, पारदर्शिता और कार्य प्रणालियों में समानता को मजबूती देने के निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एक ही पी एन आर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आस–पास की सीटों पर एक साथ बैठाया जाना चाहिए। एयरलाइन की वेबसाइटों, मोबाइल एप्लीकेशनों, बुकिंग प्लेटफॉर्मों और हवाई अड्डों के काउंटरों पर यात्रियों के अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख करने का भी निर्देश दिया है। विमानन कंपनियों को व्यापक पहुंच और जागरुकता के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में यात्रियों के अधिकारों की जानकारी देने को भी कहा है।

<><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा श्री विजयपुरम स्थित मेगापोड रिसॉर्ट में 21 और 22 मार्च को दो दिवसीय "मैंग्रोव कार्यशाला" का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य द्वीपसमूह में मैंग्रोव संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम विकास कार्यों पर चर्चा करना और जानकारी साझा करना है। कार्यशाला में विशेषज्ञ, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, वन अधिकारी, शिक्षक, छात्र, आम जनता और अन्य हितधारक शामिल होंगे। कार्यक्रम में मैंग्रोव संरक्षण और बहाली, जैव विविधता संरक्षण, समुद्री पारिस्थितिकी, जलवायु परिवर्तन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी जैसे पांच महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल शोध और जानकारी का आदान–प्रदान होगा, बल्कि आम जनता में मैंग्रोव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने 2026–27 के शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। इच्छुक उम्मीदवार अब 22 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षुता (संशोधन) अधिनियम के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है। सभी आवेदकों के दस्तावेज़ों का सत्यापन 23 मार्च को सुबह 10 बजे डॉ. बी.आर. अंबेडकर सभागार में किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेज़ और प्रमाणपत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां लेकर सत्यापन प्रक्रिया में उपस्थित होने को कहा गया है। नगरपालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि अलग से कोई कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा और यह सूचना आधिकारिक सूचना मानी जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी में अतिथि प्रवक्ता की भर्ती के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार का आयोजन 23 मार्च को सुबह साढ़े दस बजे किया जाएगा। अतिथि प्रवक्ता को प्रत्येक व्याख्यान के लिए पन्द्रह सौ रुपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसमें अधिकतम 50,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी और संबंधित विषय में शिक्षण कार्यभार पर निर्भर करेगी। इच्छुक उम्मीदवार महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आवेदन पत्र, स्व–मूल्यांकन प्रपत्र, सभी प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि और मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने अप्रैल से जून तक एम.वी. स्वरज द्वीप, एम.वी. नालंदा और एम.वी. कैंपबेल बे की अस्थायी यात्रा सूची जारी की है। यात्राएं मौसम के अनुसार आरंभ होंगी। ये यात्राएं एम वी स्वराज द्वीप जहाज से श्री विजयपुरम, विशाखापट्टनम और चेन्नई के बीच नियमित रूप से होंगी, जबकि श्री विजयपुरम, चेन्नई और कोलकाता की यात्राएं नालंदा जहाज से होंगी। वहीं निकोबार द्वीप समूह के एम वी कैंपबेल बे की यात्राएं 17 जून से 28 जून तक श्री विजयपुरम से संचालित होंगी। यात्रियों के लिए टिकट डी एस एस के ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के युवा टेबल टेनिस के चार खिलाडियों को सतासीवें उप–किशोर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता 23 से 31 मार्च तक गुजरात के गांधीधाम में आयोजित होगी। वहां उन्हें देश भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करने का अवसर मिलेगा। अंडमान और निकोबार राज्य टेबल टेनिस संघ की अध्यक्षा जोशना बाला और सचिव जेसी ने टीम पर भरोसा जताया है और सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान में आयोजित लड़कों की अंडर–17 इंटर स्कूल फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का पहला दिन आज, GSSS भातूबस्ती मैदान में सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता सुब्रोतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आगामी पैसठवीं संस्करण के अवसर पर आयोजित की गई। पहले मैच में GSSS मंगलुटान ने GDMS(S) को 2–1 गोल से हराया, दूसरे मैच में GSSS RBV ने GSS दिलानिपुर को 3–0 से पराजित किया। तीसरे मैच में GSS जंगलीघाट ने MGIS को 1–0 से और चौथे मैच में SSS निर्मला ने GSS कालीकट को 2–0 से मात दी। प्रतियोगिता का संचालन दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दूबे ने किया।

<><><><><><>